समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# चंदगड मे किसान एवं नागरिक अभिनंदन समारोह : उपमुख्यमंत्री ने की किसानों की खुशहाली की कामना।

Publisher

Published on 03 May 2025




**चंदगड : चंदगड मे आयोजित किसान एवं नागरिक अभिनंदन समारोह मे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने किसानों और नागरिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से दिल की बाते सांझा करते हुए प्रदेश के विकास और किसानों की समृद्धि की कामना की।**

उन्होंने कहा, “मैं पांडुरंग के चरणों में प्रार्थना करता हूं कि इस वर्ष अच्छी बारिश हो ताकि मेरे किसान, बलिराजा का जीवन सुखी और समृद्ध हो। करवीर निवासिनी माता अंबाबाई, दक्कन के राजा **ज्योतिबा** और **चंदगड के आराध्य देव रावलनाथ** के चरणों में मैं नतमस्तक हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि महाराष्ट्र के **किसानों, मजदूरों** और **आम नागरिकों** की समस्याओं का समाधान हो और सभी का कल्याण हो।”

उपमुख्यमंत्री ने महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा, “**आज यह सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज, शाहू, फुले** और **डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर** के विचारों पर काम कर रही है। इस विचारधारा के साथ हम आगे बढ़ेंगे तो सफलता निश्चित है।”

उन्होंने जानकारी दी कि कोरोना संकट के कम होने के बाद **चंदगड, अजरा** और **गढ़हिंगलज** विधानसभा क्षेत्रों में **1,600 करोड़** रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है।

**चंदगड** के पूर्व विधायक **नरसिंहराव पाटिल** को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा, “**चंदगड तालुका मे सहकारी, शैक्षिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों मे उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता**। उनके पुत्र राजेश पाटिल ने उनकी विरासत को कुशलता से आगे बढ़ाया है।”

उपमुख्यमंत्री ने कहा, "मैं पूरे महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री हूं और जनता का सेवक हूं। लोगों की सेवा करना मेरा कर्तव्य है। मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य के विकास कार्यों के लिए धन उपलब्ध कराना है। यशवंतराव चव्हाण साहब की शिक्षा के अनुरूप, हम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी **जिला परिषद, ग्राम पंचायत, नगर पालिका** और **नगर निगम** चुनावों में जनता का सहयोग मिलेगा और राज्य के सर्वांगीण विकास का संकल्प पूरा किया जाएगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.